
नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह



गंगोत्री धाम में सोसाइटी के 10वें चिकित्सालय का लोकार्पण

निःशुल्क विशेष सर्जरी शिविर



ASI (The Association of Surgeons of India) के सौजन्य से आयोजित हुआ



SVHM सोसाइटी एवं दी स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई के बीच शुरू हुई स्वास्थ्य साझेदारी

## तिमाही वृतांत

अप्रैल-जून 2022

# अंक विशेष




## संपादक की कलम से:

जय बाबा केदार, जय बद्री विशाल, जय गंगे मैया के गगनभेदी उदघोष के साथ हमारे तीन धामों के चिकित्सालयों ने इस वर्ष की प्रथम तिमाही में अपनी पावन सेवा यात्रा की पुनः शुरुआत करी और आने वाले तीर्थयात्रियों एवं उनके स्वजनों के लिए पूरे साजों सामान के साथ सज्ज गए थे।

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के अंतर्गत सोसाइटी ने गंगोत्री धाम में अपने १०वें चिकित्सालय का लोकार्पण कर चार धामों में से तीन में अपने सेवा प्रकल्प स्थापित कर लिए हैं। चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ आने के सम्भावना को ध्यान में रखते हुए सोसाइटी के तीनों चिकित्सालयों ने व्यापक व्यवस्था कर रखी थी, पर हमारी अपेक्षाओं से कहीं अधिक तीर्थयात्रियों ने उपचार का लाभ उठाया व स्वस्थ होकर गए।

हमारे श्री केदारनाथ धाम स्थित चिकित्सालय ने सभी अनुमानों को लांघते हुए प्रतिदिन 900 से लेकर 1600 रोगियों का उपचार किया व बाबा केदार की कृपा से सभी स्वस्थ होकर गए। इतनी विशाल संख्या में हमारे यहाँ रोगियों का आना सोसाइटी द्वारा इन क्षेत्रों में स्थापित किये गए प्रकल्पों की सार्थकता बताता है और हमें ओर अधिक परिश्रम करने को प्रेरित करता है।

श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय के लिए एक और स्मरणीय पल रहा जब राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड की निदेशक, डॉ सरोज नैथानी ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया एवं हमारे यहाँ की सुविधाओं को देख विस्मित रह गयीं और सोसाइटी के प्रयासों की हृदय से सराहना की। उनके अनुसार इतनी अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में इतनी सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराना अपने आप में एक भगीरथ प्रयास है और वह पुनः स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों को लेकर हमारी स्वास्थ्य सुविधाएं दिखाने के लिए आयीं।

"दी स्पाइन फाउंडेशन"मुंबई के साथ रीढ़ की हड्डी के रोगियों हेतु स्वास्थ्य साझेदारी एक अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि रही, इस सहयोग से रीढ़ की हड्डी के रोगियों को सस्ती, सुलभ व उच्च गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधा ऑपरेशन सहित उपलब्ध हो रही है।

यह तिमाही एक और गौरवमय क्षण लेकर आई जब “भाऊराव देवरस सेवा न्यास” लखनऊ द्वारा चिकित्सा क्षेत्र और सामाजिक व आर्थिक रूप से अशक्त वर्ग को स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सोसाइटी को सम्मान स्वरुप एक “अभिनन्दन पत्र” से सुशोभित किया गया।

प्रोत्साहन बढाने वाले ऐसे आयोजनों के लिए सोसाइटी सदा अपने शुभचिंतकों की ऋणी रहेगी एवं और अधिक वेग के साथ "नर सेवा नारायण सेवा" के पथ पर सतत अग्रसर रहेगी।

03
हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला

04-09
तिमाही विशेष

10-12
मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

13
स्पेशियलिटी शिविर एवं सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

14-15
सामुदायिक चिकित्सा शिविर


16-17
उत्कृष्ट उदाहरण

18-19
आंकड़े

**संपादकीय और रूपांकन टोली**

डॉ ताराश्री सिंघल
डॉ दीपक सिन्हा
स्वाति नायर
नितेश उनियाल

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




"अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के स्तर तक कम न करें।
इसके बजाय, अपनी क्षमताओं को
अपने लक्ष्यों की ऊंचाई तक बढ़ाएं।"

- स्वामी विवेकानन्द



स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् २०१२ में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में आने वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, साथ ही इनमे लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि सुविधाएं पुर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24 x 7 कार्यरत हैं और स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमे प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा तीन सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है , एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम और मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल ११ धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय को यथार्थ कर रही है।


# तिमाही विशेष

## गंगोत्री धाम में सोसाइटी के 10वें चिकित्सालय का लोकार्पण

**4 मई**




पूजनीय श्री माता मंगला जी और श्री भोले जी महाराज एवं डॉ कृष्ण गोपाल जी (सह सरकार्यवाह, RSS) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में सम्मिलित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री महेंद्र जी (क्षेत्रीय प्रचारक, RSS) श्री युद्धवीर जी (प्रान्त प्रचारक, RSS), श्रीमती विजयलक्ष्मी जी (श्री आदि नारायण राजू जी की सुपुत्री), डॉ एस के वर्मा (अध्यक्ष SVHM सोसाइटी), श्री हरीश सेमवाल जी (अध्यक्ष श्री पांच मंदिर समिति, गंगोत्री) एवं श्री सुरेश सेमवाल जी (सचिव श्री पांच मंदिर समिति, गंगोत्री) आदि शामिल थे।



भाग्यनगर, तेलंगाना के 93 वर्षीय प्रसिद्ध अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता श्री आदि नारायण राजू जी ने गंगोत्री धाम चिकित्सालय के निर्माण में अपना प्रमुख योगदान दिया है ।



स्वामी बोधानंद जी,
डंडी क्षेत्र, उत्तरकाशी



हवन व पूजा

24x7 कार्यरत, आईसीयू सुसज्जित व ऑक्सीजन की सुविधा वाले 12 बेड सहित इस चिकित्सालय में नियमित ओपीडी के अतिरिक्त डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी और लैब जांच जैसे सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

हमारे श्री केदारनाथ धाम व श्री बद्रीनाथ धाम के चिकित्सालयों की तरह गंगोत्री धाम चिकित्सालय में भी समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध करायीं जा रही हैं।



श्री अभिषेक रूहेला जी (जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरकाशी), श्री सुरेश सिंह चौहान जी (विधायक, गंगोत्री विधानसभा)




गंगोत्री धाम चिकित्सालय स्टाफ



श्री आदि नारायण राजू जी के परिवार के 12 सदस्य भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अमेरिका से आए हुए थे।

# तिमाही विशेष

## दी स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई द्वारा स्पाइन सर्जरी कैंप का आयोजन

**23 एवं 24 अप्रैल** — **धर्मावाला**



दी स्पाइन फाउंडेशन टीम के साथ धर्मावाला चिकित्सालय के डॉक्टर



ऑपरेशन करते हुए स्पाइन टीम

फाउंडेशन रीढ़ के रोगियों तक कम मूल्य व आसानी से उपलब्ध सुविधाएं पहुँचाना, एक सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक दायित्व मानता है। फाउंडेशन के डॉ तेजस्वी अग्रवाल ने फरवरी 2022 से ही हमारे धर्मावाला चिकित्सालय में रीढ़ हड्डी से सम्बंधित ऑपरेशन और ओपीडी शुरू कर दी थी और इस साझेदारी को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फाउंडेशन की टीम 23 अप्रैल को धर्मावाला चिकित्सालय के प्रवास पर आयी और हमारे स्वास्थ्य सुविधाएं व सेवा कार्य से काफी प्रभावित हुई। फाउंडेशन के संस्थापक और ट्रस्टी, डॉ शेखर वाई भोजराज ने चिकित्सालय के स्टाफ को संबोधित करते हुए द स्पाइन फाउंडेशन की सेवा यात्रा का एक चित्रण किया व रोगियों से सम्बंधित कुछ उत्कृष्ट उदहारण भी दिखाए।
टीम के अन्य सदस्यों में शामिल थे: डॉ प्रेमिक नागद, डॉ हरि कृष्णन, डॉ शिव कुमार, डॉ दीपेंद्र तोमर, डॉ डिंपल और श्री महेश पालन।

## ASI एवं UPASI से सहयोग से धर्मावाला चिकित्सालय में आयोजित हुआ नि:शुल्क विशेष सर्जरी शिविर

**26 जून** — **धर्मावाला**



द्वीप प्रज्वलन के साथ शिविर का शुभारम्भ करते हुए अपने डॉक्टर सुपुत्रों के साथ डॉ सुधा लवानिया

**निस्वार्थ स्वास्थ्य सेवा को समर्पित एक परिवार।**

धर्मावाला चिकित्सालय को सन २०१६ से नियमित रूप हर माह के अंतिम रविवार को दो लवानिया बंधुओं, डॉ प्रशांत (यूरोलॉजिस्ट) और डॉ सागर (मनोचिकित्सक) का उत्कृष्ट चिकित्सीय निदान व उपचार सतत प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में 26 जून के शिविर मे अपनी सेवाएँ देने उनकी पूज्य माताजी डॉ सुधा लवानिया, जो की स्वयं एक वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ पहुंची और उनके विशाल अनुभव और चिकित्सीय ज्ञान का लाभ रोगियों को प्राप्त हुआ।



डॉ सुधा लवानिया जी को सोसाइटी के ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

धर्मावाला चिकित्सालय के इतिहास में यह एक अविस्मरणीय दिन था जब एक ही परिवार से चिकित्सा जगत के तीन दिग्गज हमारे "नर सेवा नारायण सेवा" ध्येय का अंग बनने के लिए एक साथ आये और अपनी समृद्ध विशेषज्ञता और दक्षता से हमें अनुग्रहित किया। सोसाइटी डॉ सुधा लवानिया जी को उनकी संतानों में कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा और परोपकार के गुण और संस्कार देने के लिए सादर नमन करती है।



सोसाइटी द्वारा आयोजित छोटे से कार्यक्रम में समस्त अतिथियों का अभिनंदन किया गया और उन्हें पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सभी सदस्य बहुत प्रसन्न हुए और नियमित रूप से आने का वचन भी दिया।

**ASI (The Association of Surgeons of India) एवं UPASI (Uttar Pradesh Association of Surgeons of India) के सौजन्य से 26 जून 2022 को धर्मावाला चिकित्सालय में नि:शुल्क सर्जरी शिविर आयोजित किया गया।**

**इस विशेष सर्जरी शिविर में कुल 21 जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किये गए।**



**सर्जरी टीम :**
डॉ सिद्धेश जी. (अध्यक्ष, ASI),
डॉ डी. मारुथु पांडियन (निदेशक, ASI), मदुरई
डॉ श्रीनिवासन, डॉ कार्तिकेयन, मदुरई, डॉ निखिल सिंह

इस अवसर पर मुख्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में थे डॉ. सिद्धेश जी (अध्यक्ष, ASI)
डॉ डी. मारुथु पांडियन (निदेशक, सोशल वेलफेयर कॉउन्सिल , ASI) व डॉ. जे.पी. शर्मा (अध्यक्ष, UPASI)

अन्य प्रख्यात सर्जनों में उपस्थित थे डॉ निखिल सिंह (सचिव, UPASI), डॉ प्रशांत लवानिया (निदेशक, सोशल सर्विस , UPASI), डॉ समीर कुमार (एग्जीक्यूटिव कॉउन्सिल सदस्य , UPASI), डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ अंकुर बंसल और डॉ अमित गोयल (एग्जीक्यूटिव कॉउन्सिल सदस्य , UPASI)

# तिमाही विशेष

## नेत्र चिकित्सा शिविर और मोतियाबिंद के ऑपरेशन का शुभारम्भ

**2 एवं 16 जून** | **डुमेट**



डॉ एन.एस. जंगपांगी, नेत्र सर्जन आंखों की जांच करते हुए



शिविर में कार्यरत आई क्लीनिक की टीम

अमृतसर आई क्लिनिक, देहरादून के डॉक्टरों की टीम द्वारा दो नेत्र चिकित्सा शिविर डुमेट चिकित्सालय में आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल **131 लाभार्थियों** की जांच की गई, जिनमें से **15 रोगियों के मोतियाबिंद** ऑपरेशन अमृतसर आई क्लिनिक में नि:शुल्क किए गए, साथ ही रोगियों के आने जाने, ठहरने व भोजन की व्यवस्था भी नि:शुल्क थी।

## योग चिकित्सा और जीवन शैली संबंधी रोग परामर्श सत्र

**धर्मावाला एवं हरिद्वार**



योग सत्र चलता हुआ - धर्मावाला



हरिद्वार चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन एवं चिकित्सा निदेशक, डॉ संजय शाह द्वारा मधुमेह रोगी के लिए चल रहा परामर्श सत्र

बहुआयामी चिकित्सा पद्यति की ओर अपने कदम बढ़ाते हुए सोसाइटी ने अपने दो चिकित्सालयों, धर्मावाला व हरिद्वार में योग परामर्श एवं जीवन शैली के रोगों / विकारों की रोकथाम से सम्बंधित काउन्सलिंग सत्र की शुरुआत की है।
इन सत्रों का उद्देश्य रोगियों में दवाईओं के साथ साथ अन्य उपचार माध्यमों का उपयोग करके जीवन को स्वस्थ व रोगमुक्त बनाना है।

## सृजन सोशल इंटर्नशिप कार्यक्रम "School for Life"

**1 जून - 31 जुलाई** | **धर्मावाला**



सामुदायिक चिकित्सा शिविर में इंटर्न अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए



ओ पी डी में दिखाने आये रोगियों की सहायता करते हुए और उन्हें निर्धारित डॉक्टर्स से परामर्श लेने में सहयोग करते हुए



इंटर्न, वार्ड में रोगी से प्रतिक्रिया लेते हुए



इंटर्न, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों से स्वास्थ्य सम्बंधित चर्चा करते हुए

यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज़ ( UPES) देहरादून को भारत के अग्रणी निजी विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है और एनआईआरएफ (NIRF) 2022 द्वारा शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में से 65वें स्थान पर है। UGC से मान्यता प्राप्त होने के साथ साथ UPES को NAAC द्वारा ग्रेड A भी प्राप्त है।
**UPES देहरादून व स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के साथ हुए एक अनुबंध के अंतर्गत उनके चार विद्यार्थी (इंटर्न) स्कूल फॉर लाइफ' की सोशल इंटर्नशिप 'सृजन' कार्यक्रम जो की उनके पाठ्यक्रम का एक अंग है पूरा करने हमारे धर्मावाला चिकित्सालय से दो माह के लिए जुड़े।**
इस सोशल इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य इन इंटर्न में दूसरों के कष्ट, वेदना और पीड़ा का अनुभव करना है व साथ ही समाज के प्रति अपने दायित्वों के लिए जागरूक करना व सेवा भाव उत्पन्न करना भी है।

# तिमाही विशेष

## श्री केदारनाथ धाम, श्री बद्रीनाथ धाम और गंगोत्री धाम स्थित चिकित्सालयों में श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क चिकित्सा के साथ नि:शुल्क चाय और बिस्कुट सेवा



श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय






श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय

देखने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/8G96J3x4aLk

प्रतिक्रिया सुनने के लिए के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/PTHVhHON09s

देखने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/s79q0RSkNpU

## भाऊराव देवरस स्मृति सेवा सम्मान समारोह 2021-22

3 अप्रैल | नई दिल्ली



### एक गौरवमय क्षण

सोसाइटी को स्वास्थ्य, शिक्षा व स्वावलंबन के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के सम्मान स्वरूप भाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से "अभिनन्दन पत्र" से सुशोभित किया गया। सोसाइटी की ओर से यह सम्मान सचिव डॉ अनुज सिंघल ने ग्रहण किया। इस समारोह में डॉ अनुज की सह धर्मिणी एवं सोसाइटी के एग्जीक्यूटिव समिति की सदस्या और धर्मावाला चिकित्सालय की वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट डॉ ताराश्री सिंघल भी उपस्थित रहीं।

## "महिला स्वास्थ्य शिक्षा सत्र"

24 मई | डुमेट



डॉ. ताराश्री सिंघल, वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट, धर्मावाला चिकित्सालय द्वारा बाबा भूमनशाह विद्या मंदिर, साधना केंद्र आश्रम, डुमेट की शिक्षिकाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्तन व ग्रीवा कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव से सम्बंधित एक जागरूकता सत्र लिया गया।
सत्र में मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को दूर किया गया और साथ ही महिलायों को होने वाले रोग से सम्बन्धित कई प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

## AIIMS ऋषिकेश में हुआ सोसाइटी के डॉक्टरों का चार धाम यात्रा हेतु हाई एल्टीट्यूड / ट्रॉमा आपातकालीन प्रशिक्षण

29 एवं 30 अप्रैल



चार धाम यात्रा के समय चलने वाले हमारे चिकित्सालयों में ड्यूटी पर जाने वाले सोसाइटी के डॉक्टरों के लिए high altitude sickness एवं अत्यधिक ऊँचे पर्वतीय क्षेत्र में होने वाली अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के नवीनतम उपचार पर एम्स ऋषिकेश में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण संयुक्त रूप से फिजियोलॉजी और ट्रॉमा सर्जरी व क्रिटिकल केयर विभागों द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में सोसाइटी के 12 डॉक्टरों ने भाग लिया।

## स्वास्थ्य शिक्षा सत्र 40वीं वाहिनी पी.ए.सी. हरिद्वार

29 एवं 30 अप्रैल | हरिद्वार



हरिद्वार, 40वीं वाहिनी पी.ए.सी. परिसर में दिनांक 29 व 30 अप्रैल 2022 को हरिद्वार चिकित्सालय के निदेशक डॉ प्रवीण कुमार रेड्डी द्वारा ऊँचाई वाले क्षेत्रों में जवानों को ड्यूटी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ संजय शाह द्वारा मधुमेह एवं हृदय रोगों से बचाव हेतु स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर व्याख्यान दिया गया। दोनों चिकित्सकों ने वहां उपस्थित पुलिसकर्मियों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया। कार्यक्रम में वाहिनी के सेनानायक श्री ददन पाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिमाही विशेष

## हिंदू साम्राज्य दिवस

हिंदू साम्राज्य दिवस हर वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है। इस दिन छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था।

11 जून



धर्मावाला

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र पंत जी (प्रान्त सामाजिक समरसता संयोजक, उत्तराखण्ड, RSS), डॉ अनुज सिंघल (सचिव, SVHM सोसाइटी) एवं डॉ ताराश्री सिंघल (सोसाइटी की कार्यकारी समिति की सदस्या और वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## श्री केदारनाथ धाम और श्री बद्रीनाथ धाम स्थित चिकित्सालयों को तीर्थ यात्रियों के सेवार्थ हेतु पुनः आरंभ करने से पूर्व हमारे आराध्यों से आशीर्वाद हेतु पूजन व कृपा याचना

श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय

2 मई



श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय

7 मई



हवन व पूजा





इमरजेंसी वार्ड में सेवा देते चिकित्सालय स्टाफ

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह



धर्मावाला





हरिद्वार



पीपलकोटी



नारायणकोटी



पेटशाल



गंगोत्री धाम

# तिमाही विशेष

## विशेष आगन्तुक

**28 मई** — **श्री बद्रीनाथ धाम**



श्री पराग देसाई, कार्यकारी निदेशक, वाघ बकरी टी ग्रुप ने चिकित्सालय का भ्रमण किया। उन्होंने चिकित्सालय में वाघ बकरी टी ग्रुप की तरफ से श्रद्धालुओं के लिए चायपत्ती दान स्वरुप भेंट की।

**13 जून** — **श्री बद्रीनाथ धाम**




श्रीमती कृषा शाह अम्बानी ने जो की एक सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी हैं व अनिल अम्बानी जी की बहू हैं अपनी कंपनी की दो अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया एवं सुविधाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की।

**25 जून** — **गंगोत्री धाम**




प्रसिद्ध गढ़वाली लोक गायक श्री रजनीकांत सेमवाल जी और सोसाइटी के नेफ्रोलॉजिस्ट, डॉ. अनिल प्रसाद भट्ट, (सोसाइटी के संग्रक्ष) नोएडा ने चिकित्सालय का भ्रमण किया व सुविधाओं को देखा ।

**डॉ सरोज नैथानी द्वारा दी गई प्रतिक्रिया**




**18 मई एवं 11 जून** — **श्री केदारनाथ धाम**




डॉ सरोज नैथानी, निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड, डॉ अनुराग अग्रवाल, विभागाध्यक्ष टी बी और चेस्ट विभाग एवं डॉ अमरनाथ उपाध्याय, सहायक प्रो. कार्डियोलॉजी विभाग, दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून और डॉ नवीन राजपूत, सहायक प्रो. मेडिसिन विभाग, हिमालयन मेडिकल कॉलेज, देहरादून ।

**डॉ सरोज नैथानी द्वारा दी गई प्रतिक्रिया**



I had the privilege to visit "Swami Vivekanand Charitable Hospital" at Shri Kedarnath ji Dham at Base Camp at an altitude of 11,000 feet.

I Salute the Team for the dedication n' Spirit with which they are "Serving Before Self" "thy Brothers n' Sisters" Selflessly.

Very technically arranged ICU (2 Bed) n' 4 Beds for all the other Emergency.
Fully Functional Pathology, Pharmacy with approx 200 Varieties including a list of 30 approx Life Saving Drugs, A digital X-ray, Computerized ECG Machine.

What Could we Ask. God Bless all.

18th May'2022
3.57 pm

Dr Saroj Naithani
Director MH&FW UK
NHM

डॉ सरोज नैथानी जी श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय के निरीक्षण पर आयी थी व इतनी ऊंचाई पर ऐसी सेवाओं और सुविधाओं को देखकर अत्यधिक प्रभावित हुईं और सभी की हृदय से सराहना की।
वह पुनः अपने विभाग के अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ हमारे चिकित्सालय द्वारा किये जा रहे कार्यों को दिखाने के लिए आयीं और सभी डॉक्टरों ने भी सोसाइटी के इस प्रकल्प की भरपूर प्रशंसा की ।

**18 जून** — **धर्मावाला**






संघ शिक्षा वर्ग, उत्तराखण्ड के प्रथम वर्ष के शिक्षकों और प्रशिक्षु छात्रों का एक समूह अपने फील्ड विजिट पाठ्यक्रम के अंतर्गत धर्मावाला चिकित्सालय के भ्रमण पर आया। उन्हें चिकित्सालय दिखाया गया और प्रदान की जा रही सुविधाओं और सेवाओं के बारे में अवगत कराया गया। चिकित्सालय की सुविधाओं एवं स्टाफ के निःस्वार्थ सेवा भाव और समर्पण के लिए सभी ने चिकित्सालय परिवार की प्रशंसा की ।

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## हरिद्वार

**शिविर: 12**
**लाभार्थी: 2006**



डॉ संजय अग्रवाल,
यूरोलॉजिस्ट,
नई दिल्ली



डॉ अतुल खंडेलवाल,
यूरोलॉजिस्ट,
सोनीपत



डॉ देवेंद्र,
यूरोलॉजिस्ट,
नोएडा



डॉ वेंकटेश,
यूरोलॉजिस्ट,
नोएडा



डॉ महेंद्र शर्मा,
यूरोलॉजिस्ट,
नोएडा



डॉ अनिल भट्ट,
नेफ्रोलॉजिस्ट,
नोएडा



डॉ मुकेश कुमार झा,
न्यूरोलॉजिस्ट,
नई दिल्ली



डॉ शरद पाण्डेय,
न्यूरो सर्जन,
नई दिल्ली




डॉ ओम प्रकाश सिन्हा,
हृदय रोग विशेषज्ञ,
नई दिल्ली



डॉ राकेश गुप्ता,
हृदय रोग विशेषज्ञ,
रुड़की



डॉ योगेश साठे,
बाल हृदय रोग विशेषज्ञ,
पलवल



डॉ प्रियांक अग्रवाल,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
नोएडा



डॉ अभिसार कटियार,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
नोएडा



डॉ दीपक कुमार एवं
डॉ सौरभ,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, दिल्ली



डॉ नवीन अग्रोही,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
रुड़की



डॉ आशीष शर्मा,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
नई दिल्ली



डॉ अनिल गुलिया,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
सोनीपत



डॉ संदीप त्रिपाठी,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
नोएडा



डॉ सर्वेश पांडे,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
नई दिल्ली



डॉ सुनील बलियान,
पल्मोनोलॉजिस्ट,
नोएडा

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## हरिद्वार


डॉ संदीप सुपेहिया,
एंडोक्रिनोलॉजिस्ट,
नई दिल्ली


डॉ सौरभ एस अग्रवाल,
एंडोक्रिनोलॉजिस्ट,
नोएडा


डॉ नितिन वर्मा,
गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट,
हरिद्वार



डॉ पी के सिंह,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
रुड़की


डॉ आलोक कुमार,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
रुड़की


डॉ यतिंदर नागयान,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
हरिद्वार


डॉ हेमंत कटारिया,
मनोचिकित्सक,
हरिद्वार


डॉ विनय कुमार,
वेदना निवारण विशेषज्ञ,
दिल्ली


डॉ आशीष भूषण,
ई.एन.टी. सर्जन,
नोएडा


डॉ एस पी सिंह,
ई.एन.टी. सर्जन,
हरिद्वार


डॉ संजीत गोइट,
ई.एन.टी. सर्जन,
नई दिल्ली


डॉ सुबोध,
ई.एन.टी. सर्जन,
नोएडा



डॉ गौरांग सिंघल,
ई.एन.टी. सर्जन,
नई दिल्ली


डॉ अशोक कुमार,
ई.एन.टी. सर्जन,
करनाल


डॉ विक्रम भारद्वाज,
ई.एन.टी. सर्जन,
नोएडा


डॉ नितिन कुमार,
जनरल फिजिशियन,
देहरादून


डॉ मोतीलाल नेगी,
जनरल फिजिशियन,
नई दिल्ली


डॉ बबीता अहलावत,
दंत चिकित्सक,
करनाल


डॉ राजीव कुरेले,
आयुर्वेदिक चिकित्सक,
हरिद्वार


डॉ अनुराग वत्स,
आयुर्वेदिक चिकित्सक,
हरिद्वार


डॉ संदीप कुमार बंसल, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन,
फरीदाबाद और डॉ विजय त्यागी, एनेस्थेटिस्ट, देहरादून


डॉ अनिल शर्मा,
नेत्र सर्जन,
अम्बाला

# रविवारीय मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## धर्मावाला

ऑपरेशन: 68

शिविर: 13
लाभार्थी: 4818




**यूरोलॉजिस्ट की टीम:** डॉ प्रशांत लवानिया, आगरा; डॉ प्रशांत जैन, डॉ विकास बंसल और डॉ देवप्रिया, दिल्ली



डॉ शैलेंद्र गोयल,
यूरोलॉजिस्ट, नोएडा



**जनरल सर्जन की टीम:** डॉ डी. मरुथु पांडियन, डॉ श्रीनिवासन, डॉ कार्तिकेयन, डॉ सिद्धेश जी. और डॉ निखिल सिंह



डॉ अनिल भट्ट,
नेफ्रोलॉजिस्ट,
नोएडा



डॉ तेजस्वी अग्रवाल,
स्पाइन सर्जन,
देहरादून



डॉ विपुल अग्रवाल,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
आगरा



डॉ वरुण कुमार अग्रवाल,
सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट,
आगरा



डॉ गौरव धाकरे,
न्यूरो सर्जन,
आगरा



डॉ राम अनुग्रह,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
बस्ती



डॉ. सागर लावानिया,
मनोचिकित्सक,
आगरा



डॉ वीना तेजन,
मनोचिकित्सक,
देहरादून



डॉ. एस. के. बख्शी
जनरल फिजिशियन,
मुजफ्फरनगर



डॉ नीरज सारस्वत
नेत्र सर्जन,
देहरादून



डॉ महेश खेतान,
नेत्र सर्जन,
देहरादून

# स्पेशियलिटी शिविर

## पेटशाल

**ऑपरेशन शिविर: 3**
**कुल ऑपरेशन: 12**

**अन्य स्पेशियलिटी शिविर: 4**
**लाभार्थी: 139**



डॉ अजय अग्रवाल, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन और
डॉ मनोरंजन पंत, एनेस्थेटिस्ट,
रुद्रपुर



डॉ पंकज सोलंकी, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन और
डॉ विनय धर्मवीर, एनेस्थेटिस्ट,
दिल्ली



डॉ ऋचा चौधरी,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
दिल्ली



डॉ दीपक भट्ट,
हड्डी रोग विशेषज्ञ,
रुद्रपुर




डॉ शरद पाण्डेय,
न्यूरो सर्जन,
नई दिल्ली



डॉ नीलाम्बर भट्ट, जनरल फिजिशियन
एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ,
हल्द्वानी



डॉ बुधविलास सिंह,
नेत्र सर्जन,
अल्मोड़ा



डॉ संकल्प सिंह,
ऑन्कोलॉजिस्ट,
दिल्ली



डॉ रत्नेश गुप्ता,
जनरल फिजिशियन,
दिल्ली

# सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

## धर्मावाला

### एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम



- **6 माह के बाद फॉलोअप**
  - कुल सम्पर्क किये गये लाभार्थी : 731
  - कुल हिमोग्लोबिन जाँच: 731
  - हीमोग्लोबिन की स्तर में बढ़ोतरी: 506 (69%)
  - पहले जितना: 146 (20%)
  - गिरावट: 79 (11%)

- कुल सम्पर्क किये गये घर: 1625
- कुल फॉलोअप विजिट: 2055
  [ रेगुलर: 1734 (84%); अनियमित: 318 (15%);
  ड्राप आउट: 3 (0.01%)]
- वर्तमान में उपचाराधीन लाभार्थी:
  341 (नए: 72; पुराने: 269)

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम



- परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 293

### My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम



- My Pad लाभार्थियों की संख्या: 108
- परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 747

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर
## हरिद्वार, पेटशाल, धर्मावाला, नारायणकोटी एवं पीपलकोटी

## हरिद्वार

**कुल शिविर: 95**
**लाभार्थी: 7648**



1 अप्रैल
बहादुरपुर जाट गाँव



16 अप्रैल
ढालूवाला गाँव



18 अप्रैल
रानीमज़रा गाँव




4 मई
भीमगोड़ा गाँव



16 मई
हद्दिपुर गाँव



20 मई
फेरुपुर गाँव



6 जून
लाल डोंग गाँव



7 जून
रविदास धाम



10 जून
तुलसी मानस मंदिर

## पेटशाल



29 अप्रैल
चलनीछिना गाँव



31 मई
हरदा गाँव



10 जून
भेटाबडिया गाँव

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर
## हरिद्वार, पेटशाल, धर्मावाला, नारायणकोटी एवं पीपलकोटी

## धर्मावाला




11 मई
जुड्डो गाँव




25 मई
हथियारी गाँव

उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) ने अपने कालसी ब्लाक, देहरादून स्थित लखवार व्यासी जलविद्युत परियोजना के आस पास रहने वाले निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के साथ एक अनुबंध किया। इस अनुबंध के अंतर्गत धर्मावाला चिकित्सालय दो गांवों, हथियारी और जुड्डो में महीने में दो बार चिकित्सा शिविर चला रहा है और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।



8 जून
जुड्डो गाँव



22 जून
हथियारी गाँव

## नारायणकोटी





8 अप्रैल
जाल तल्ला गाँव

## पीपलकोटी



22 जून
पाखी गाँव



23 जून
लुहां दिगोली गाँव

# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ चुनिन्दा)

## धर्मावाला

- दाहिनी आँख में retinal detachment की तकलीफ से ग्रसित 82 वर्षीय एक रोगी हमारे नेत्र रोग विभाग में आये।
- उनकी आँख की रोशिनी पिछले कुछ महीनों से धीमे धीमे कम होते जा रही थी और महंगा उपचार (ऑपरेशन, व्यव लगभग 40000 रुपये ) व आर्थिक रूप से अशक्त होने के कारण वह इसका व्यव उठाने में असमर्थ थे।
- इस रोगी की समस्या को समझते हुए, हमारे यहाँ की Optometrist सुश्री अवंतिका ने देहरादून स्थित विवेकानन्द नेत्रालय के अधिकारीयों से वार्ता करके ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क करा दिया।
- ये रोगी अब स्वस्थ हो रहे हैं व उनकी आँख की रोशिनी भी काफी हद तक वापिस आ गई है।





## धर्मावाला

- ३० वर्षीय एक राजमिस्त्री पिछले 2 वर्ष से दाहिने पैर में पीड़ा और चलने में परेशानी लेकर हमारे स्पाइन ओ पी डी में आये।
- जांच पर पता चला की उन्हें lumbar stenosis L4-S1 और Prolapse disc L5-S1 की समस्या है।
- इस रोगी का रीढ़ की हड्डी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया (L4-S1, Lumbar decompression) और उसके तुरंत बाद से ही उनकी तकलीफ कम होनी शुरू हो गई।
- फॉलोउप जांचों में उनके चलने में जो दिक्कत थी वो दूर हो गई थी एवं पैर के दर्द में भी काफी आराम आ गया था।

## धर्मावाला

- दूरस्थ जनजातीय गांवों से दो रोगी, 70 वर्षीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार और 40 वर्षीय महिला एक जैसी परेशानी के साथ हमारी स्पाइन ओ पी डी में आये।
- दोनों ही पिछले कुछ वर्षों से अत्यधिक कमर दर्द से ग्रसित थे और चलने में कठिनाई का सामना कर रहे थे।
- दोनों ने ही कई चिकित्सालयों और क्लीनिकों पर दिखाया पर उन्हें बिलकुल भी आराम नहीं मिल रहा था , साथ ही उन्हें अपनी दिनचर्या के कार्यों को करने में भी दिक्कत हो रही थी।
- किसी लाभार्थी के द्वारा बताये जाने पर यह दोनों हमारे चिकित्सालय में आये।
- दोनों में Lumbar Canal Stenosis L3-S1 with instability नाम की बीमारी पायी गयी और जिसका उपचार केवल जटिल स्पाइनल सर्जरी थी।
- उपचार की उच्च लागत की आशंका के कारण पहले दोनों ही चिंतित हुए परन्तु हमारे यहाँ के मामूली शुल्क के बारे में जानकर हैरान रह गए।
- दोनों रोगियों की स्पाइनल डीकंप्रेसन और स्पाइनल फ्यूजन (decompression and spinal fusion) सर्जरी सफलतापूर्वक की गयी।
- ऑपरेशन के अगले दिन से ही दोनों रोगियों के लक्षणों में सुधार के साथ-साथ चलने में कठिनाई भी कम हुई।
- दोनों रोगी इतनी सटीक और कम लागत के साथ की गई सर्जरी से अत्यधिक आभारी होने के साथ-साथ खुश और संतुष्ट भी थे।






# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ चुनिन्दा)

## पीपलकोटी

- चिकित्सालय के दंत विभाग में 25.06.2022 को निम्न मध्यम वर्ग परिवार की एक रोगी impacted canine की परेशानी लेकर आयी । उसका canine दांत तालु की और आकर फंस गया था जिसके कारण उसे बार बार पस (recurrent abscess) बन रहा था व काफी पीड़ा भी उठानी पड़ रही थी ।
- यह रोगी कई महीनो से परेशान थी और कई निजी क्लिनिकों में भी दिखाया था पर वहाँ अत्यधिक महँगा शुल्क होने के कारण उपचार करने में सक्षम नहीं थी।
- अंततः किसी लाभार्थी के द्वारा बताये जाने पर वह हमारे पीपलकोटी चिकित्सालय में आयी और अपनी व्यथा सुनायी।
- चिकित्सालय के दन्त चिकित्सक डॉ विकास पोखरियाल ने उनकी विवशता को देखकर तुरंत ही जरूरी जांचों को करवाकर न्यूनतम शुल्क में सर्जरी कर उस दांत तो बाहर निकाल दिया और उसकी परेशानी दूर की ।
- इस सर्जरी में डेन्टल असिस्टेंट अंजलि राणा ने भी सहयोग दिया।



## श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय



- बेंगलुरु के एक 40 वर्षीय पुरुष तीर्थयात्री को अत्यधिक ठण्ड के साथ कंपन, कमजोरी व थकान की शिकायत के साथ लाया गया ।
- रोगी हाइपोथर्मिया के साथ साथ से acute mountain sickness से पीड़ित था।
- रोगी को तुरंत गरम वातावरण में रखकर उपचार दिया गया जिसमे oxygen के साथ iv fluid और अन्य दवाएं भी दी गयीं
- 4 से 5 घंटे के भीतर रोगी के स्थिर होने के बाद और उसे छुट्टी दे दी गई

रोगी की प्रतिक्रिया सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/t2dcmm9dNJ4

- पश्चिम बंगाल के एक 42 वर्षीय पुरुष तीर्थयात्री को सांस की तकलीफ, कमजोरी और थकान की शिकायत के साथ लाया गया ।
- यह रोगी का oxygen स्तर 60% से कम था और यह भी acute mountain sickness से पीड़ित था ।
- रोगी तो तुरंत O2 सपोर्ट, आवश्यक दवाएं दी गईं और गर्म वातावरण में रखा गया ।
- Oxygen स्तर में बढ़ोतरी व हालत स्थिर होने के पश्चात रोगी को छुट्टी दे दी गयी ।
- जान के खतरे वाली स्तिथि से बाहर लाने के लिए रोगी और उसके परिजन चिकित्सालय के प्रति हृदय से आभारी थे ।

रोगी की प्रतिक्रिया सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/4hdtWQgwAhw








- आगरा के एक 72 वर्षीय एक पुरुष तीर्थयात्री को सांस की तकलीफ, कम ऑक्सीजन स्तर (<60%), चक्कर आना और उल्टी के साथ लाया गया।
- रोगी तो तुरंत O2 सपोर्ट, आवश्यक दवाएं दी गईं और गर्म वातावरण में रखा गया ।
- Oxygen स्तर में बढ़ोतरी व हालत स्थिर होने के पश्चात रोगी को छुट्टी दे दी गयी ।
- स्वस्थ होकर जाने से पहले रोगी ने चिकित्सालय का भावुक होकर आभार व्यक्त किया व अपनी व्यथा कहते कहते रुआंसा हो गया ।

रोगी की प्रतिक्रिया सुनने के लिये यहाँ क्लिक करें https://youtu.be/5hdyEd9YGQw


# आंकड़े (अप्रैल-जून 2022)




केवल धर्मावाला और हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं




अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार एवं पीपलकोटी चिकित्सालयों में उपलब्ध है।
TIFFA (स्तर II) स्कैन धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालय में उपलब्ध है।

| चिकित्सालय | सर्जरी (449) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 211 | 81 |
| नारायणकोटी | 9 | 19 |
| बड़कोट | 1 | 86 |
| पेटशाल | 11 | 7 |
| हरिद्वार | 20 | 4 |
| कुल | 252 | 197 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, दन्त और मैक्सिलो-फेशियल

| | |
|---|---|
| सी टी स्कैन | 822 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 138 |
| एंडोस्कोपी | 92 |
| ईको (ECHO) | 29 |
| ऑडियोमेट्री | 42 |
| मनोवैज्ञानिक परामर्श | 633 |
| मानसिक रोग (मनोरोग जाँच एवं परामर्श, मनोचिकित्सा सत्र) | 195 |
| मनोरोग ओ.पी.डी. (Tele + In Person) | 216 |
| ऑपरेशन से पहले और ऑपरेशन के बाद | 222 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं

| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 23602 | 675 | 3478 | 800 | 170 |
| मनेरी | 329 | 7 | 104 | 7 | 8 |
| नारायणकोटी | 2074 | 160 | 580 | 131 | 73 |
| बड़कोट | 2117 | 30 | 1021 | 73 | 171 |
| पीपलकोटी | 2664 | 326 | 389 | 152 | 29 |
| बद्रीनाथ | 2930 | 1250 | 621 | 389 | 29 |
| पेटशाल | 1109 | 138 | 411 | 47 | 62 |
| केदारनाथ | 712 | 5397 | 167 | 99 | 206 |
| हरिद्वार | 9334 | 423 | 1264 | 626 | 60 |
| गंगोत्री | 1015 | 702 | 143 | 72 | 25 |
| डुमेट | 169 | NA | NA | NA | NA |
| कुल | 46055 | 9108 | 8178 | 2396 | 833 |

| 154697 | 449 | 9108 | 8178 | 4625 | 46055 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स-रे | अल्ट्रासाउंड | लैब जाँच |

# आंकड़े (अप्रैल-जून 2022)

## योग चिकित्सा और जीवन शैली संबंधी रोग परामर्श
## धर्मावाला और हरिद्वार


धर्मावाला

### योग चिकित्सा सत्र

**96 (धर्मावाला)**
24 अप्रैल - जून

**113 (हरिद्वार)**
जून


हरिद्वार


हरिद्वार


धर्मावाला

### जीवन शैली संबंधी रोग परामर्श सत्र

**770 (धर्मावाला)**
अप्रैल - जून

**561 (हरिद्वार)**
26 मई - 30 जून

## हमारे चार धाम स्थित चिकित्सालयों के आंकड़े

**कुल पंजीकरण: 86167**

| श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय | श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय | गंगोत्री धाम चिकित्सालय |
|---|---|---|
| 18866 (55 दिनों में) 343 रोगी प्रतिदिन | 58710 (60 दिनों में) 978 रोगी प्रतिदिन | 8591 (58 दिनों में) 148 रोगी प्रतिदिन |

**कुल इमरजेंसी: 7349**

| श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय | श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय | गंगोत्री धाम चिकित्सालय |
|---|---|---|
| 1250 | 5397 | 702 |

नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

**For Domestic Donations**

**Account details:**

**Swami Vivekanand Health Mission Society**

**A/C No: 32584491256**

**IFSC Code: SBIN0010626**

**Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun**

आपका अमूल्य दान



एक वरदान

Contact us :

svhmuk@gmail.com

Visit us :

svhmuk.in

twitter.com/svhmuk/

facebook.com/svhmu/

instagram.com/svhmuk
/

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा 80G के तहत कर-मुक्त हैं।



धर्मावाला, देहरादून



मनेरी, गंगोत्री मार्ग



नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग



पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग



श्री बद्रीनाथ धाम, चमोली



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग



श्री केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग



हरिद्वार



गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी



साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून

> "एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों ठोकरें खाने के बाद ही होता है।"
>
> -स्वामी विवेकानन्द।